# जलभराव की समस्या से पीड़ित लोगों ने कलेक्टर आवास का घेराव किया

## बारिश के पानी की निकासी की मांग को लेकर लोगों ने प्रदर्शन किया

**नागौर, (निसं)।** नागौर में नकास गेट इलाके के निवासियों ने शनिवार को जिला कलेक्टर के आवास पर सांकेतिक धरना दिया। इसके बाद अतिरिक्त कलेक्टर को ज्ञापन देकर नकास गेट में जलभराव के स्थाई समाधान की मांग की। इससे पहले लोगों ने जिला कलेक्टर के आवास के बाहर कुछ देर धरना दिया और प्रदर्शन किया। अतिरिक्त कलेक्टर चंपालाल जीनगर और उपखंड मजिस्ट्रेट गोविंद सिंह भींचर ने धरनास्थल पर आमजन के बीच बैठकर उचित समाधान करवाने की बात की।

नकास गेट इलाके के निवासीयो ने ज्ञापन देकर कहा कि नकास गेट, भार्गव मोहल्ला, खटीकों का मोहल्ला, कुम्हारों का मोहल्ला, नित्यानंद की बाड़ी, अजमेरी गेट, समस तालाब, कालू खान की बाड़ी, गिनाणी तालाब के पास, सूफी दरगाह, न्यारियों का मोहल्ला, गाजी खाड़ा क्षेत्र में बरसात के समय भारी जलभराव की समस्या पैदा हो जाती है। कॉलोनीवासियों ने जलभराव की समस्या से निजात पाने के लिए स्थाई समाधान की मांग की है।



जलभराव की समस्या से परेशान लोगों ने धरना दिया।

ज्ञापन देने वाले लोगों का कहना है कि नालों, नलियों व सीवरेज की सफाई समय पर नहीं होने और पानी निकासी की व्यवस्था के अभाव में बरसाती पानी घरों में घुस रहा है। घरों में बरसाती पानी जमा होने से काफी नुकसान हो रहा है। कई लोगों के घर खाली करके अपने मिलने वाले के पास रह रहे हैं और बहुत लोग बारिश के बाद चार दिन से घर से बार नई निकल पा रहे हैं। वर्षा जल निकासी के लिए रिजर्व दुलाया, जड़ा तालाब, समस तालाब, गिनाणी तालाब के नालों पर अतिक्रमण होने के कारण पानी निकासी का परंपरागत बहाव अवरुद्ध हो गया है और इन मोहल्लों में जलभराव की गंभीर समस्या खड़ी हो गई है।

- **अतिरिक्त कलेक्टर चंपालाल जीनगर और उपखंड मजिस्ट्रेट गोविंद सिंह भींचर ने धरनास्थल पर आमजन के बीच बैठकर उचित समाधान करवाने की बात की**

# न्यायालय ने दो वर्ष पुराने हत्या के मामले में एफआर अस्वीकार की

- **आदेश में लिखा कि मृतक की गर्दन पर लगी चोट और घाव की पुलिस ने जांच नहीं की**
- **न्यायालय ने प्रकरण के कई पहलुओं के मद्देनजर पुनः अनुसंधान के आदेश दिए**

**सादुलपुर, (निसं)।** न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम वर्ग राजगढ़ ने दो साल पुराने हत्या के मामले में हमीरवास थाना पुलिस की ओर से पेश की गई एफआर को अस्वीकार कर दिया है तथा अग्रीम जांच के आदेश दिये हैं।

जानकारी के अनुसार प्रकरण में हमीरवास थाना पुलिस ने एफआर लगाकर ह्दयाघात से मौत बताकर न्यायालय में मुकदमे की अन्तिम रिपोर्ट पेश की थी। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम वर्ग राजगढ़ मयंक मीणा की अदालत ने मृतक कृष्ण सैनी की गर्दन की गहरी चोट के संबंध मे पुलिस द्वारा कोई जांच नहीं करने पर संज्ञान लिया है। न्यायालय ने इस प्रकरण में पुनः गहन अनुसंधान किए जाने के आदेश दिए हैं। गौरतलब है निकटवर्ती बहल (हरियाणा) के राहुल सैनी ने 14 जुलाई 2023 को हमीरवास थाना में मुकदमा दर्ज करवाया था कि उसके पिता कृष्ण सैनी घर से दवाई लेने गए थे तथा घर नहीं लौटे, तब पता किया तो उनका मोबाइल बंद आ रहा था और उनका कोई पता नहीं लग रहा था। तलाश करने पर पता चला कि उनका शव राजकीय उप जिला अस्पताल राजगढ़ के मोर्चरी रूम में रखवाया हुआ है। जिसमें हमीरवास थाना पुलिस ने जांच मे मृतक की मौत कार्डियक अटैक से मानकर एफआर न्यायालय में पेश कर दी।

न्यायालय ने अपने आदेश में लिखा है कि पुलिस एवं डॉक्टर कि रिपोर्ट के अनुसार मृतक कि गर्दन पर 10 सेंटीमीटर लम्बी एवं सवा सेंटीमीटर गहरी चोट पाई गई। जिस संबंध में न्यायालय ने पुलिस जांच पर सवाल उठाते हुए लिखा है कि अनुसंधान अधिकारी द्वारा गहरी चोट की कोई जांच नहीं की गई है। मृतक की गर्दन पर चोट कब कैसे लगी? क्या मृतक की गर्दन पर चोटें कारित की गई कि जिस कारण से मृतक के कार्डियक अटैक आया, इन बिन्दुओं की भी पुलिस द्वारा कोई जांच नहीं की गई है। न्यायालय ने प्रकरण के तमाम पहलुओं के मद्देनजर पुनः अनुसंधान के आदेश दिए है। मामले में परिवादी राहुल की ओर से पैरवी प्रीतम शर्मा एडवोकेट एवं पुरोषतम सैनी एडवोकेट ने की।

# एसआई भर्ती रद्द मामला : सफल अभ्यर्थी आरपीएससी पहुंचे

- **एसआई भर्ती रद्द करने को लेकर ट्रेनिंग पूरी कर चुके अभ्यर्थियों में आक्रोश**
- **सफल कैंडिडेट्स और उनके परिजनों ने डबल बेंच में अपील करने की मांग की**

**अजमेर, (कासं)।** राजस्थान हाईकोर्ट द्वारा रद्द की गई एसआई भर्ती रद्द करने को लेकर ट्रेनिंग पूरी कर चुके अभ्यर्थियों में आक्रोश है। शनिवार को बड़ी संख्या में कैंडिडेट्स और उनके परिजन राजस्थान लोक सेवा आयोग पहुंचे और डबल बेंच में अपील करने की मांग की। अभ्यर्थियों का कहना है कि भर्ती प्रक्रिया में जिन लोगों ने धांधली की, उनके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए, लेकिन निर्दोषों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करना न्यायसंगत नहीं है। आयोग के बाहर कैंडिडेट्स की भीड़ को देखते हुए भारी पुलिस बल तैनात किया गया।

आरपीएससी पहुंचे अभ्यर्थी हरेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि यह निर्णय सही नहीं है। सरकार को चाहिए कि इस मामले में डबल बेंच में हमारा साथ दे। जो गलत हैं, उनके खिलाफ कार्रवाई हो, लेकिन जिनकी गलती नहीं थी, उन्हें क्यों निकाला जा रहा है। राजकुमार पूनिया ने कहा कि उनके दामाद ने पुरानी नौकरी छोड़कर एसआई की तैयारी ीं और भर्ती में शामिल हुआ। अब अगर नौकरी से निकाल दिया गया तो पूरा परिवार प्रभावित होगा। यह सरासर अन्याय है। सरकार को इन अभ्यर्थियों के साथ न्याय करना चाहिए।

अभ्यर्थी इन्द्रसिंह ने कहा कि अगर परीक्षा में गड़बड़ी थी तो शुरुआत में ही क्यों नहीं रोका गया। पहले लिखित परीक्षा क्लियर करवाई, फिर फिजिकल, इंटरव्यू और ट्रेनिंग तक करवाई। उन्होंने सरकार से सवाल किए कि अब चार साल बाद भर्ती रद्द कर देना कहां का न्याय है, एक दिन पढ़ाई छोड़ते हैं तो सात दिन पीछे हो जाते हैं, अब उम्र भी निकल रही है। डबल बेंच ही हमारी आखिरी उम्मीद है। एक महिला अभ्यर्थी ने कहा कि यह भर्ती 859 पदों की थी, लेकिन केवल 68 लोगों पर गड़बड़ी का आरोप लगा। अगर कोर्ट को न्याय करना था तो सबके साथ करते। निर्दोषों को क्यों सजा दी जा रही है यह सही न्याय नहीं है।

आयोग कार्यालय पर अभ्यर्थियों के पहुंचने की सूचना पर पुलिस का जाब्ता भी मौके पर तैनात रहा। प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहा, लेकिन कैंडिडेट्स ने चेतावनी दी कि अगर सरकार ने न्याय नहीं किया तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाएंगे। अभ्यर्थियों का कहना है कि अब गेंद सरकार और न्यायपालिका के पाले में है। डबल बेंच में अपील ही उनका भविष्य तय करेगी।

# जिला अस्पताल में इंजेक्शन लगाने के बाद 10 बच्चों की तबीयत बिगड़ी

- **बच्चों को एंटीबायोटिक इंजेक्शन लगाया था, बच्चों को कंपकंपी छूटने लगी**
- **इस इंजेक्शन को लगाने से पहले एक टेस्ट लिया जाता है, जो नहीं लिया गया था**
- **दो बच्चों की ज्यादा स्थिति बिगड़ते देख उन्हें पीबीएम अस्पताल के लिए रेफर किया**

**बीकानेर, (निसं)।** यहां जस्सूसर गेट स्थित जिला अस्पताल में देर रात बच्चों को एंटीबायोटिक इंजेक्शन लगाने के बाद 10 बच्चों की तबीयत बिगड़ गई। बच्चों को कंपकंपी छूटने लगी। परिजनों ने हंगामा किया तो डॉक्टर्स मौके पर पहुंचे और बच्चों को संभाला। इनमें से दो बच्चों को पीबीएम हॉस्पिटल के लिए रेफर किया गया था। घटना के बाद रात करीब एक बजे तक जिला अस्पताल में परिजन हंगामा करते रहे। नया शहर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला।

बीकानेर के सैटेलाइट अस्पताल (जिला अस्पताल) में भर्ती बच्चों को एंटिबायोटिक इंजेक्शन लगाया गया था। इस इंजेक्शन को लगाने से पहले एक टेस्ट लिया जाता है, जो नहीं लिया गया। नर्सिंग कर्मियों ने सीधे ही सौ फीसदी इंजेक्शन लगा दिया, जिससे थोड़ी देर में बच्चों की तबीयत बिगड़ने लगी। जब बच्चों की तबीयत बिगड़ी उस दौरान हॉस्पिटल के अधीक्षक डॉ. सुनील हर्ष वार्ड में राउंड पर थे। डॉ. हर्ष ने तुरंत मौके पर पहुंचकर इन बच्चों को संभाला। इसके बाद शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रवीण चतुर्वेदी को भी मौके पर बुलाया गया। बच्चों को दूसरा इंजेक्शन लगाया गया। इससे अधिकांश बच्चों की स्थिति सामान्य हो गई, लेकिन दो बच्चों की ज्यादा स्थिति बिगड़ते देख उन्हें पीबीएम अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। देर रात उनकी तबीयत भी सामान्य हो गई थी।

डॉ. हर्ष ने बताया कि सिफोटेक्सिम एंटीबायोटिक इंजेक्शन की नई सप्लाई आई है। अक्सर बच्चों में इस इंजेक्शन के लगने से रिएक्शन हो जाता है। रात में भी ये इंजेक्शन लगाया गया था। इसके बाद बच्चों की तबीयत बिगड़ी। परिजनों ने इस पर गुस्सा जताया था।

घटना के बाद कांग्रेस नेता अरुण व्यास मौके पर पहुंचे। व्यास और पीड़ित परिजनों ने अधीक्षक डॉ. सुनील हर्ष का घेराव कर लिया। करीब एक घंटे तक दोनों पक्षों के बीच बातचीत चलती रही। इस दौरान डॉ. हर्ष ने लिखित में दिया कि संबंधित कर्मचारियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। नर्सिंग स्टाफ को हटाया जाएगा। व्यास ने आरोप लगाया कि अस्पताल में दवा देने में भी आनाकानी की जाती है। हंगामे की जानकारी मिलने पर नयाशहर पुलिस मौके पर पहुंच गई। काफी देर तक दोनों पक्षों के बीच बातचीत में पुलिस मौजूद रही, लेकिन बाद में तनाव बढ़ता देख पुलिस ने इनको बाहर निकाल दिया।

# नकबजनी का इनामी बदमाश गिरफ्तार

**परबतसर, (निसं)।** पुलिस ने नकबजनी करने वाले कुख्यात और इनामी बदमाश रतन उर्फ रत्या बागरिया को किनसरिया की पहाड़ियों से गिरफ्तार किया है। थाना अधिकारी जगदीश प्रसाद मीणा ने बताया कि कि 5 दिसंबर 2024 को परिवादी ज्ञानाराम गुर्जर निवासी ठिकरियों की ढाणी ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। गुर्जर ने बताया कि वह पांच दिसम्बर को शादी एवं लगन समारोह में शामिल होने गया था। इसी दौरान पीछे से अज्ञात चोर घर का सामान चुरा ले गए। जांच में रतन बागरिया और आल्या उर्फ आलू बागरिया की संलिप्तता सामने आई। पुलिस टीम ने 23 दिसंबर 2024 को आल्या उर्फ आलू बागरिया को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भिजवा दिया था। वहीं दूसरा आरोपी रतन बागरिया फरार था। मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने किनसरिया गांव की पहाड़ियों से रतन बागरिया को दबोच लिया।

# ट्रेलर में आग लगी

**टोंक, (निसं)।** उनियारा थाना क्षेत्र में शनिवार को एक ट्रेलर में अचानक आग लग गई, उस दौरान चालक ने तो कूदकर अपनी जान बचाई, लेकिन ट्रेलर पूरी तरह जल गया। चालक ने बताया कि ट्रेलर में स्टील की प्लेटें रखी हुई थी, जिसमें 40 टन वजन का सामान रखा हुआ था। ट्रेलर कर्नाटक से भरकर हरियाणा जा रहा था। प्रारंभिक तौर आग का कारण ट्रेलर के इंजन में शॉर्ट सर्किट को माना जा रहा है। हादसे के कारण उनियारा से नैनवां का रास्ता करीब एक घंटा तक बंद रहा, जिससे आवाजाही ठप हो गई। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणो की मदद से एवं दमकल से आग पर काबू पाया।

# 960 लीटर नकली शराब जब्त, छह तस्कर गिरफ्तार

**कपासन, (निसं)।** चित्तौड़गढ़ आबकारी विभाग ने अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। आबकारी आयुक्त उदयपुर और कलेक्टर चित्तौड़गढ़ के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई। जिला आबकारी अधिकारी गजेन्द्र सिंह राजपूरोहित के नेतृत्व में विशेष टीमें बनाई गई। आबकारी निरीक्षक कपासन नन्द किशोर वैष्णव और प्रहराधिकारी डूंगला बाघ सिंह ने 27 से 30 अगस्त के बीच कई स्थानों पर छापेमारी की। इनमें सिंहाणा, लांगच, सिंहपुर, कोदियाखेड़ी, गौराजी का निम्बाहेडा, हाउसिंग बोर्ड चित्तौड़गढ़, कपासन और उदयपुर के कई इलाके शामिल थे। छापेमारी में 960 लीटर अवैध स्प्रिट से बनी नकली शराब के 5332 पव्वे बरामद किए गए। इसके अलावा 188 बीयर की बोतलें, 18 केन बीयर और 27 बोतलें अंग्रेजी शराब भी जब्त की गईं। टीम ने शराब बनाने की मशीन, टेपरोल और 5042 ढक्कन भी बरामद किए। पुलिस ने इस मामले में 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। प्रहलाद जायसवाल निवासी पावली, रविन्द सिंह राठौड़ निवासी वेणीपुरिया, प्रकाश चंद्र जाट निवासी मेवदा, नरेन्द्र सिंह निवासी उदयपुर, नरेन्द्र सिंह निवासी सिंहाणा, उदय लाल सुवालका निवासी सिंहाणा शामिल हैं। अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया है। इस कार्रवाई में जगदीश चन्द्र बिश्नोई, हेमराज जाट, अब्दुल जावेद, अरविन्द खींची, नरेश सुहेल, श्रवणलाल मीणा समेत आबकारी निरोधक दल के कई अधिकारियों का योगदान रहा।

# मकान पर आकाशीय बिजली गिरी

**भीलवाड़ा, (निसं)।** देवनारायण सर्कल स्थित गायत्री नगर कॉलोनी में अलसुबह करीब चार बजे बारिश के बीच एक मकान पर आकाशीय बिजली गिर गई। मकान में सो रहे दंपती को भारी नुकसान हुआ, जिसमें एक व्यक्ति सुरेश शर्मा आकाशीय बिजली की चपेट में आने से जुलस गया, जिसे आनन फानन में जिले के महात्मा गांधी अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती करवाया गया। वहीं बिजली गिरने से आवास पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। गनीमत रही कि कमरे में सो रहे पीड़ित परिवार पर कमरे की दीवार नहीं गिरी, अन्यथा जनहानि हो सकती थी।

# महिला जेल में महिला कैदी ने आत्महत्या की

## जबरन वसूली के आरोप में सजा काट रही थी महिला कैदी

**बीकानेर, (निसं)।** महिला जेल में एक महिला कैदी ने सुसाइड कर लिया है। मृतका बंदी तारा कंवर सिंधु नोखा की रहने वाली थी। उसने अपने बैकर में चुन्नी का फंदा लगाकर जान दे दी। घटना शाम करीब 4:30 बजे की है। महिला जबरन वसूली और परेशान करने के मामले में सजा काटा रही थी। महिला कैदी को पीबीएम हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया।

जानकारी के अनुसार तारा को जबरन वसूली और परेशान करने के आरोप में जून 2025 में सजा सुनाई गई थी। पिछले तीन महीने से वह सजा काट रही थी। महिला कैदी ने अपने बैरक में ही चुन्नी का फंदा लगाकर जान दे दी। इसके बाद जब बंदियों को पता चला तो वहां हल्ला मच गया। दूसरे कैदियों की आवाज सुन जेल प्रहरी मौके पर पहुंचे, जहां तारा अचेत पड़ी थी। वहीं घटना की जानकारी मिलने पर बीछवाल थाना अधिकारी गोविंद सिंह भी मौके पर पहुंचे। महिला कैदी के शव को पीबीएम अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवाया गया है। थाना अधिकारी गोविंद सिंह चारण ने बताया कि सुसाइड के कारण अभी सामने नहीं आए है। वहीं इस मामले में न्यायिक जांच भी की जा रही है।

# दरगाह में मंदिर दावा प्रकरण मामले में बहस हुई

**अजमेर, (कासं)।** सूफी संत ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती की दरगाह में संकट मोचन शिव मंदिर प्रकरण में शनिवार को सिविल कोर्ट में सुनवाई हुई। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण और अल्पसंख्यक विभाग द्वारा दाखिल दो प्रार्थना पत्रों पर पक्षकारों में बहस हुई, जबकि दरगाह कमेटी द्वारा दाखिल प्रार्थना पत्र पर सुनवाई अब 6 सितंबर को होगी। सुनवाई के दौरान अदालत परिसर में छावनी में तब्दील हो गया, सिविल लाइंस थाना पुलिस के साथ अतिरिक्त जाब्ता तैनात रहा।

हिंदू सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष विष्णु गुप्ता द्वारा दरगाह कमेटी और केंद्रीय पुरातत्व मंत्रालय के विरुद्ध कोर्ट में वाद दायर कर दरगाह परिसर स्थित शिव मंदिर में पूजा अर्चना में बाधा नहीं डालने का आग्रह किया है।

# उदयपुर के गौरव-सौरव ने दुनिया में भारत का नाम रोशन किया

## गौरव सिखवाल और सौरव सिखवाल ने स्वीडन के कालमार में हुई दिग्गज आयरनमैन ट्रायथलॉन को सफलतापूर्वक पूरा किया

**उदयपुर, (कासं)।** झीलों की नगरी के दो भाइयों ने स्वीडन में एक नया रिकॉर्ड बनाकर देश-दुनिया में भारत का नाम रोशन किया है। इनकी इस उपलब्धि पर उदयपुर गौरवान्वित हुआ है और इस ऐतिहासिक क्षण में हमारी चमक दुनिया के मंच पर दिखी।

उदयपुर के सुखेर में रहने वाले 33 साल के गौरव सिखवाल और छोटे भाई 32 साल के सौरव सिखवाल ने स्वीडन के कालमार में हुई दिग्गज आयरनमैन ट्रायथलॉन को सफलतापूर्वक पूरा किया। उनका दावा है कि वे यह उपलब्धि हासिल करने वाले पहले भारतीय भाई और दुनिया के पहले एशियाई भाई बने। दोनों भाइयों ने बताया कि समुद्र में 3.8 किमी में तैराकी की और वहां पर ठंडे पानी का टेम्प्रेचर 10 से 15 डिग्री सेंटीग्रेट था। इसके अलावा तेज हवाओं वाली खुली सडको पर उन्होंने 180 किमी साइकिलिंग की और बाद में 42.2 किमी की मैराथन दौड़ को पूर्ण किया। गौरव सिखवाल ने बताया कि आयरनमैन को अक्सर दुनिया की सबसे कठिन सहनशक्ति प्रतियोगिता कहा जाता है और वास्तव में हर पल बहुत कठिन था, लेकिन उन्होंने जो सपना देखा और जो ठान रखा था उसे पूरा करना था तो फिर हमारे लिए कोई कठिन नहीं था। हम अपने गोल को टारगेट लेकर चल रहे थे और आखिर हमे सफलता मिली।




दोनों भाइयों ने भारतीय ध्वज को गर्व से ऊँचा किया और 'आयरनमैन ब्रदर्स' कहलाए।

सौरव सिखवाल ने बताया कि इसमें 75 से ज्यादा देशों से आए 2800 से अधिक एथलीट्स ने भाग लिया। सौरव ने बताया कि पूरी दुनिया की आबादी में से केवल 0.01 प्रतिशत से भी कम लोग ही आयरनमैन का खिताब पाने में सफल होते हैं। इस प्रतियोगिता को पूरा करने के लिए अधिकतम कट-ऑफ समय 16 घंटे रखा गया था। गौरव ने बताया कि यह उपलब्धि एक साल की कठिन ट्रेनिंग, सख्त डाइट और मानसिक तैयारी से हासिल हुई। इस रेस ने हमारी शारीरिक और मानसिक क्षमता की हर हद को परखा और कठोर प्रॉटोकॉल को हमने फॉलो किया था। उसी की वजह से ऐसा हुआ।

उन्होंने बताया कि साइकिलिंग के दौरान सौरव की साइकिल में गंभीर तकनीकी खराबी आने के बावजूद उन्होंने हार नहीं मानी और कट-ऑफ समय में रेस पूरी की। दोनों भाइयों ने भारतीय ध्वज को गर्व से ऊँचा किया और 'आयरनमैन ब्रदर्स' कहलाए। दोनों भाइयों ने कहा कि यह केवल व्यक्तिगत जीत नहीं है, बल्कि भारत और एशिया के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि है, जिसने साबित किया कि अनुशासन, साहस और इच्छाशक्ति से हर सीमा को तोडा जा सकता है। गौरव और सौरव सिखवाल ने कहा कि यह हर भारतीय के लिए गर्व का क्षण है। आयरनमैन सिर्फ एक रेस नहीं बल्कि शरीर, दिमाग और आत्मा की असली परीक्षा है। हमें गर्व है कि हमने फिनिश लाइन पर भारतीय तिरंगा लहराया। इस रिकॉर्ड के साथ सिखवाल ब्रदर्स ने अपना नाम खेलों के इतिहास में हमेशा के लिए दर्ज करा लिया है।

# नाबालिग ने दुष्कर्म की घटना से आहत होकर आत्महत्या की

**सादुलपुर, (निसं)।** हमीरवास थानां अन्तर्गत एक गांव में एक 15 वर्षीय नाबालिग बालिका ने दुष्कर्म की घटना से आहत होकर पानी के कुंड में छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस सूत्रों के अनुसार मृतक बालिका के पिता ने मामला दर्ज करवाकर बताया कि उसकी 15 वर्षीय पुत्री के साथ गांव के ही एक आरोपी ने दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था।

दर्ज मामले में बताया कि उसकी पुत्री कुछ दिनों से गुमशुम रहने लगी। 29 अगस्त को उसने और उसकी पत्नी ने अपनी पुत्री को विश्वास में लेकर पूछताछ की और गुमशुम रहने का कारण पूछा तो वह रोने लगी तथा बताया कि पिछले वर्ष खेत में बकरियां चराने के लिए गई थी। तब आरोपी ने खेत में उसे अकेला देखकर उसके साथ दुष्कर्म किया तथा मोबाइल फोन से उसका अश्लील वीडियो भी बना लिया। बाद में वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उसके साथ दुष्कर्म करता रहा। यह कहकर उसकी पुत्री बुरी तरह से रोने लगी। जिसके बाद उसने परिवार को घटना की जानकारी दी। दर्ज मामले में बताया कि आरोपी का उसके घर आना जाना था तथा उसकी पुत्री ने बदनामी के डर से पानी के कुंड में छलांग लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। घटना की सूचना मिलते ही हमीरवास थाना पुलिस मौके पर पहुंची तथा बालिका के शव को कुंड से बाहर निकलवाया और शव को मोर्चरी रूम में रखवाने की कार्रवाई की। शाम साढे चार बजे के आसपास पुलिस ने मृतका के शव का पोस्टमार्टम करवा कर शव उसके परिजनों को सौंप दिया तथा आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# फसल की कटाई करते युवक की मौत

- **आरोप है कि अत्यधीक गर्मी से भाई की मौत हुई है**

**सादुलपुर, (निसं)।** राजगढ़ थाने के गांव रडसानाबास में अपनी बुआ के खेत में फसल की कटाई करवाते समय एक 36 वर्षीय व्यक्ति की अत्यधीक गर्मी के कारण मौत हो गई, जिसका शनिवार को राजगढ़ थाने में मामला दर्ज करवाया गया है। थाने के महेन्द्र सिंह हैड कास्टेबलब ने मृतक का पोस्टमार्टम करवाकर शव उनके परिजनों को सौंप दिया है।

थानाधिकारी राजेश कुमार सिहाग ने बताया कि सुनिल कुमार पुत्र वजीर सिंह मेघवाल निवासी हमीरवास ने मामला दर्ज करवाया है कि दिनाक 29 अगस्त को उसके ताऊ का लड़का सुरेन्द्र पुत्र हवासिंह मेघवाल निवासी हमीरवास जो अपनी बुआ के गांव रडसानाबास में फसल की कटाई करवाने हेतु उनके गांव को गया था। तभी उसके ताऊ का लड़का सुरेन्द्र खेत में काम पर पहुंचा तो कृषि कार्य करते समय अचानक से उसकी गर्मी के कारण तबीयत खराब हो गई तथा अचानक से अत्यधीक गर्मी के कारण सुरेन्द्र की मौत हो गई। आरोप है कि अत्यधीक गर्मी के कारण उसके भाई सुरेन्द्र की मौत हुई है। घटना के बाद उसके भाई सुरेन्द्र की लाश को परिजनों की मदद से सरकारी अस्पताल राजगढ़ की मोर्चरी में रखवाई गई, जिसका शनिवार को शाम चार बजे के आसपास महेन्द्र सिंह हैड कास्टेबल ने पोस्टमार्टम करवाकर शव उनके परिजनों को सौंप दिया।

# भरतपुर में फ्लाईओवर के विरोध में प्रदर्शन

**भरतपुर, (निसं)।** भरतपुर ऑटोमोबाइल डीलर्स सोसायटी ने हीरादास से कुम्हेर गेट के ऐलीवेटेड फ्लाईओवर ब्रिज के निर्माण के विरोध में सोसायटी भवन नुमायश रोड के सामने शांतिपूर्वक धरना प्रदर्शन किया, जिसमें भरतपुर जिला व्यापार महासंघ के पदाधिकारियों ने सोसायटी को पूर्ण रूप से समर्थन दिया। सोसायटी के अध्यक्ष मोहनचंद सिंघल के नेतृत्व में संघर्ष समिति की कमेटी का गठन हुआ एवं कमेटी के निर्णय अनुसार सोसायटी के सभी सदस्य अपने अपने प्रतिष्ठान सांय चार बजे से बंद कर स्टाफ सहित सोसायटी भवन के सामने एकत्रित हुए एवं धरने का पुरजोर प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन के माध्यम से शासन एवं प्रशासन से इस फ्लाईओवर का विरोध किया गया। इस प्रदर्शन के बावजूद यदि प्रशासन ने हमारी नीतिगत मांगों पर कोई सकारात्मक पहल नहीं की तो पूर्व सूचना के अनुसार 31 अगस्त 2025 को सांय 6 बजे मशाल जुलूस का प्रदर्शन सोसायटी भवन नुमायश रोड से कुम्हेर गेट चौराहा होते हुए लक्ष्मण मंदिर चौक तक निकाला जायेगा एवं सोसायटी ने भरतपुर के सभी ट्रेड के व्यापारियों से अपील की है कि इस विरोध प्रदर्शन को समर्थन कर व्यापारी एकता का परिचय दें। इस धरने में सोसायटी के पूर्व अध्यक्ष सुभाष जिंदल, शिवलहरी शर्मा, सुभाष लोहिया, विष्णु जैन, सोसायटी अध्यक्ष मोहन चंद सिंघल, सचिव निरंजन मित्तल, बिजेन्द्र बबलू, बनवारी खंडेलवाल, विनोद चोटाला, अरूण भारद्वाज आदि ने विचार व्यक्त कर इस धरने की अहमियत पर प्रकाश डाला।